
# नवभारत



5 लोकतंत्र में जनता ही होती है मालिक



6 अबकी बार गठबंधन के दबाव में मोदी सरकार




7 चंद्रबाबू नायडू ने 12 दिन में कमा लिए 1,225 करोड़




10 गुलवीर ने अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

# मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

**02** बार लगातार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह | **02** बार अमित शाह फिर बने देश के गृहमंत्री | **02** बार निर्मला फिर बनीं वित्त मंत्री | **02** बार धर्मेन्द्र बने शिक्षा मंत्री







**नई दिल्ली, 10 जून. शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के साथ कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग रखा. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी लगातार तीसरी बार सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालेंगे.**

इसके साथ ही हर्ष मल्होत्रा और अजय टम्टा को सड़क परिवहन राज्यमंत्री बनाया गया है. इसके अलावा राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है. अमित शाह दूसरी बार लगातार गृह मंत्रालय का जिम्मा संभालेंगे. एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय दिया गया है. पिछले कार्यकाल में एस जयशंकर ने विदेश मंत्री के रूप में मोदी सरकार के लिए शानदार काम किया था. इसका उन्हें इनाम मिला है. निर्मला सीतारमण लगातार दूसरी बार वित्त मंत्री का जिम्मा संभालेंगी. शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है. इसके साथ ही मनोहर लाल को ऊर्जा मंत्रालय के साथ-साथ शहरी विकास मंत्रालय दिया गया है. धर्मेंद्र प्रधान फिर शिक्षा मंत्रालय संभालेंगे. जीतनराम मांझी को एमएसएमई मंत्रालय दिया गया है. किंजरापु राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन मंत्रालय, अश्विनी वैष्णव को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय/रेल मंत्रालय, चिराग पासवान को युवा मामले और खेल मंत्रालय/ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, श्रीपद नाइक को राज्य मंत्री, विद्युत एवं शहरी कार्य मंत्रालय, शोभा करंदलाजे को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, पीयूष गोयल वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, जेपी नड्डा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, रसायन और उर्वरक मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

( शेष पृष्ठ 12 पर )

## पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ नए घर बनेंगे



**नई दिल्ली, 10 जून.** मोदी सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान आवास योजना से जुड़ा बड़ा ऐलान किया गया है. पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है. योजना के तहत बने सभी घरों में एलपीजी और बिजली कनेक्शन होंगे. इन घरों का निर्माण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होगा. केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आज की बैठक में पीएम आवास के तहत घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है. इससे पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा.

### मोदी ने पदभार संभालते ही किसान निधि किश्त को दी मंजूरी

नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां लगातार तीसरी बार देश प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला और अपने पहले निर्णय में प्रधानमंत्री किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने की मंजूरी देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए. प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी सुबह अपने कार्यालय पहुंचे और कार्यभार संभाला. उन्होंने सबसे पहले किसान निधि की किश्त जारी करने की फाइल पर हस्ताक्षर किए. इससे 9.3 करोड़ किसानों को फायदा होगा.



टी20 विश्व कप में बुमराह ने भारत को पाकिस्तान के खिलाफ दिलाई जीत !

## बच्चे के हत्यारे को फांसी

- **कांग्रेस नेता से चार करोड़ की मांगी थी फिरौती**
- **पकड़े जाने के डर से उतार दिया था मौत के घाट**

इंदौर. जिले के पिगडंबर में 4 करोड़ रुपए की फिरौती नहीं मिलने पर कांग्रेस नेता के बेटे हर्ष चौहान (6) की हत्या कर दी गई थी. मामले में जिला कोर्ट ने दो आरोपियों को मृत्युदंड दिया है. एक अन्य आरोपी को बरी कर दिया है.

गौरतलब है कि घटना महू के पिगडंबर में कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह चौहान के बेटे हर्ष के अपहरण और हत्या 5 फरवरी 2023 को हुई. अपहरणकर्ताओं ने बच्चे की फिरौती की रकम 4 करोड़ रुपए मांगी थी. पकड़े जाने के डर से अपहरणकर्ताओं ने बच्चे का गला और नाक दबाकर हत्या कर दी. पुलिस को बच्चे की लाश चोरल के पास मिली थी.

## एक नजर में



### मुइज्जू ने राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात की

**नयी दिल्ली.** मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की. श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति मुइज्जू का स्वागत करते हुए मालदीव की नई सरकार और जनता को शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास जताया कि राष्ट्रपति डॉ. मुइज्जू के नेतृत्व में मालदीव समृद्धि और विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा. दोनों नेताओं ने देशों के बीच दीर्घकालिक एवं बहुआयामी संबंधों का उल्लेख किया तथा लोगों के बीच संपर्क, क्षमता निर्माण सहयोग, आर्थिक और व्यापार संबंधों तथा विकास सहयोग सहित व्यापक द्विपक्षीय सहयोग के महत्वपूर्ण स्तंभों पर प्रकाश डाला.

### मानसून सत्र में पशु कल्याण विधेयक का आग्रह

**नयी दिल्ली,** ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल की भारतीय शाखा और 'पीपल फॉर एनिमल्स' ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे संसद के आगामी मानसून सत्र में पशु कल्याण विधेयक पेश करने का आग्रह किया है. संगठन ने लंबे समय से प्रतीक्षित पशु क्रूरता निवारण विधेयक 2022 को पारित करने में तेजी लाने का अनुरोध किया. यह प्रारूप-विधेयक, वर्तमान पशु कानून में ऐसे संशोधन पेश करता है.

### प्रमुख सचिव मंडलोई बने आवासीय बोर्ड के अध्यक्ष



**भोपाल.** मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष पद का दायित्व नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव को सौंपा गया है. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आज इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल अधिनियम की धारा चार में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार की ओर से इस बारे में आदेश जारी किए गए हैं.

### 7 साल की बच्ची से 16 वर्ष के लड़के ने किया रेप

**नई दिल्ली.** राजधानी दिल्ली में सात वर्षीय बच्ची से बलात्कार के आरोप में एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है. यह मामला दक्षिणी दिल्ली का है. अधिकारियों ने बताया कि लोधी कॉलोनी पुलिस थाने को इस मामले की सूचना रविवार को मिली थी. पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनके पड़ोस में रहने वाले 16 वर्षीय एक लड़के ने करीब तीन-चार दिन पहले अपने घर में उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया.

## मप्र से अमरवाड़ा विधानसभा के लिए उपचुनाव

**भोपाल.** चुनाव आयोग ने छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में होने वाले उप चुनाव के लिए सोमवार 10 जून को तारीख की घोषणा कर दी है. उप चुनाव के तारीखों की घोषणा के साथ ही छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है.

उप चुनाव के लिए 14 जून से नामांकन पत्र भरें जाएंगे. नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 24 जून को होगी. नामांकन पत्र 26 जून तक वापस लिये जा सकेंगे. मतदान 10 जुलाई 2024 को एवं मतगणना 13 जुलाई को होगी.

## दूसरी बार सीएम बने प्रेम तमांग

### सिक्किम के राज्यपाल ने मंत्रियों को दिलाई शपथ



**नई दिल्ली, 10 जून.** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. यह लगातार दूसरी बार है, जब तमांग सिक्किम के मुख्यमंत्री बने हैं. शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिक्किम के पालजोर स्टेडियम में आयोजित कराया गया. राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने तमांग को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. तमांग के साथ आठ नव-निर्वाचित विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रेम सिंह तमांग को दोबारा सिक्किम का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'सिक्किम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रेम सिंह तमांग के सफल कार्यकाल की कामना करता हूं और सिक्किम की प्रगति के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं.'

## सोनिया गांधी से प्रधानमंत्री शेख हसीना ने की मुलाकात

- **प्रियंका गांधी-राहुल गांधी को लगाया गले**
- **एक दिन पहले पीएम के शपथ ग्रहण में पहुंची थीं**



**नई दिल्ली, 10 जून. कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की. इस दौरान उनके साथ रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहे.**

इस बात की जानकारी कांग्रेस ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी. बांग्लादेश की प्रधानमंत्री सोनिया गांधी से गले लगाकर मिलीं. इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी गले लगाया. शेख हसीना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को दिल्ली पहुंचीं. इसके बाद उन्होंने रविवार को राष्ट्रपति प्रांगण में पीएम मोदी की शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस कार्यक्रम में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया.

## 8 करोड़ रुपए का सोना जब्त

### चेन्नई हवाई अड्डे पर कर्मचारी सहित 2 हिरासत में



**नई दिल्ली, 10 जून. चेन्नई एयरपोर्ट पर सोमवार को कस्टम अधिकारियों ने एक कर्मचारी से 8 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया. इस मामले में अधिकारियों ने एयरपोर्ट कर्मचारी और एक ट्रांजिट यात्री को हिरासत में लिया है.**

अधिकारियों के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर इंडिगो एयरलाइंस के कस्टमर सपोर्ट स्टाफ के तौर पर काम करने वाले मोहम्मद बरकतुल्लाह को चेन्नई एयरपोर्ट पर रोका गया. उसकी तलाशी ली गई और एयरपोर्ट के प्रस्थान द्वार के पास उसके पास से रबर के पेस्ट के रूप में सोना जब्त किया गया. तलाशी में कस्टम अधिकारियों ने 24 कैरेट सोने से भरे 36 पाउच बरामद किए, जिनका वजन 13 किलोग्राम था. सोने की कीमत 8.04 करोड़ रुपये आंकी गई. अधिकारियों ने बताया कि मोहम्मद बरकतुल्लाह कोलंबो जाने वाले ट्रांजिट यात्रियों से ये पाउच इकट्ठा कर रहा था. मामले की आगे की जांच जारी है.

## मणिपुर के सीएम के सुरक्षा काफिले पर हमला, 2 जवान घायल

**इंफाल, 10 जून.** संदिग्ध उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर सोमवार को हमला कर दिया, जिसमें दो जवान घायल हो गए हैं. पुलिस ने यह जानकारी दी. यह काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था. पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां चलाई गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के समीप कोटलेन गांव के पास गोलीबारी अब भी जारी है.

## एसपी-कलेक्टर कार्यालय में लगाई आग

- **बलौदाबाजार में हिंसक प्रदर्शन, जमकर तोड़फोड़**
- **मुख्यमंत्री ने दी न्यायिक की जांच की घोषणा**



**बलौदाबाजार, 10 जून. छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में प्रदर्शनकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर कार्यालय को आग के हवाले कर दिया. सैकड़ों बाइक और कारों को फूंक दिया.**

गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ को लेकर छत्तीसगढ़ का सतनामी समाज आक्रोशित है. समाज ने आज बलौदाबाजार जिले में जमकर बवाल मचाया. बलौदाबाजार-भाटापारा में जमकर प्रदर्शन किया. इससे परिसर में खड़े सैकड़ों मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन जलकर राख हो गये. दूसरी ओर गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ में न्यायिक जांच होगी. सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है. सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों और प्रतिनिधियों की मांग पर जांच कराने की घोषणा की गई है. उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

## सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 10 जुलाई को


**नयी दिल्ली, 10 जून ( वार्ता )** चुनाव आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 रिक्त विधानसभा सीटों के लिए 10 जुलाई को उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा की. आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार हिमाचल प्रदेश की डेहरा, हमीरपुर और नालागढ़, पंजाब की जालंधर पश्चिम, बिहार की रुपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज, रानाघाट और बगदा और माणिकतला, मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर तथा तमिलनाडु की विक्रवांडी सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जायेगी.

**सरकार की रणनीति** ▶ सहयोगी दलों के वरिष्ठ व अनुभवी साथियों को भी मिला सम्मान

## विभागों में परिवर्तन नहीं कर मोदी ने दिया स्पष्ट संदेश

**प्रवेश कुमार मिश्र**



**नई दिल्ली, 10 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में जिस तरह से सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में संख्याबल के बजाय व्यवहारिक व राजनीतिक जरूरत के हिसाब से स्थान दिया है वैसे ही अपनी पूरानी टीम के वरिष्ठ व विश्वासपात्र साथियों पर नए लोगों के बजाय भरोसा व्यक्त करते हुए ज्यादातर पूर्व मंत्रियों को उसी विभाग की जिम्मेदारी दी है.**

सूत्रों की मानें तो सहयोगी दलों की ओर से रेलवे, सड़क, कृषि जैसे महत्वपूर्ण विभाग की मांग की गई थी लेकिन गृह, रक्षा, वित्त, रेल, सड़क, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, विदेश, वाणिज्य, सूचना प्रसारण, संचार, पेट्रोलियम, कानून जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी भाजपा के विश्वस्त व अनुभवी नेताओं को देकर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि विकास की यात्रा में भाजपा के अनुभवी साथी ही मुख्य भूमिका में रहेंगे.

इतना ही नहीं सहयोगी दल के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज, चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण, जीतन राम मांझी को लघु उद्योग, के राममोहन नायडू को नागरिक उड्डयन, एच डी कुमार स्वामी को इस्पात व भारी उद्योग तथा सी आर पाटिल को जल शक्ति, जयंत चौधरी को स्कील डिवलपमेंट मंत्रालय देकर समन्वय बैठाने का प्रयास किया है.

प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को कृषि व ग्रामीण विकास और मनोहर लाल खट्टर को उर्जा व शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी देकर उनके अनुभव का सम्मान किया है. सूत्रों की मानें तो विभागों के बंटवारे में पहली बार मंत्री बने सांसदों को अनुभवी नेताओं के साथ लगाकर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने की रणनीति बनाई गई है. मोदी के दूसरे कार्यकाल में मंत्री रहे ज्यादातर वरिष्ठ मंत्रियों के विभागों में परिवर्तन नहीं करते हुए उनके बेहतर कार्यों स्वीकृति प्रदान करते हुए स्पष्ट संदेश दे दिया है कि योजनाबद्ध रणनीति के साथ आगे बढ़ने वालों को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा.

## टीडीपी नेता की नृशंस हत्या

### वाईएसआर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लगा आरोप

**अमरावती 10 जून.** आंध्र प्रदेश में टीडीपी नेता गौरीनाथ चौधरी की हत्या का मामला सामने आया है. जानलेवा हमले के बाद इनकी मौत हो गई. आरोप विपक्षी पार्टी- वाईएसआर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लगा है.

मामला संवेदनशील है और कानून-व्यवस्था बरकरार रखने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है. कुरनूल के एसपी ने घटनास्थल का दौरा किया. उन्होंने स्थानीय लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन दिया. पुलिस ने क्षेत्र में अन्य हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए एक चौकी भी स्थापित की है. इस हत्या को राजनीति से प्रेरित हमले के रूप में देखा जा रहा है. पीड़ित क्षेत्र में टीडीपी का एक प्रमुख नेता था.

> इस हत्या मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए टीडीपी नेता पट्टाभि राम कोमारेड्डी ने कहा, पांच साल पहले जिस हिंसा को वाईएसआर कांग्रेस ने शुरू की थी, वह अभी भी जारी है. जनता ने अपना गुस्सा दिखाया और वाईएसआर पार्टी 151 से 11 सीटों पर आ गई. उन्हें विपक्ष का दर्जा भी नहीं मिला. कल कुरनूल में हमारे टीडीपी नेता की बेरहमी से हत्या कर दी गई.

## गुस्ताखी माफ

